बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**स0सं0 :– 03/भू0अ0नि0(4) विशेष सर्वे–02/2022(पार्ट–II)** 14016

प्रेषक,

**जय सिंह**, भा0प्र0से0
सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में

**बन्दोबस्त पदाधिकारी,**
अररिया/अरवल/बांका/बेगूसराय/जमुई/जहानाबाद/
कटिहार/खगड़िया/किशनगंज/लखीसराय/मधेपुरा/
मुंगेर/नालंदा/पूर्णियाँ/सहरसा/शेखपुरा/शिवहर/
सीतामढ़ी/सुपौल/पश्चिम चम्पारण

पटना, दिनांक :– 15/10/2024

विषय :– विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत तैयार किए गए अधिकार अभिलेख (खतियान) अंचलाधिकारी/समाहर्त्ता को भेजे जाने के पूर्व जाँच के संबंध में।

प्रसंग :– भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्र संख्या– 1961 दिनांक 04-08-2022 एवं पत्र संख्या 5915 दिनांक 20.07.2023।

महाशय्

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का कृपया स्मरण किया जाय। बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत अंतिम रूप से प्रकाशित अधिकार अभिलेख (खतियान) की प्रति अंचल एवं समाहरणालय को उपलब्ध कराने तथा तत्संबंधी प्रतिवेदन से निदेशालय को अवगत कराने संबंधी पत्र निर्गत है। परन्तु आज तक एक भी राजस्व ग्रामों का खतियान की प्रति अंचल/समाहरणालय को उपलब्ध नही करायी गयी है न ही एतद् संबंधी प्रतिवेदन निदेशालय को प्राप्त है, जो अत्यन्त ही खेदजनक है।

वर्तमान में सर्वे ट्रेकर के अनुसार कुल 929 राजस्व ग्रामों का अंतिम अधिकार अभिलेख (खतियान) का प्रकाशन किया जा चुका है। उल्लेखित 929 राजस्व ग्रामों में जिन राजस्व ग्रामों का बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली 2012 के नियम 15 के उपनियम 1 से 7 तक की कार्रवाई की जा चुकी है, वैसे राजस्व ग्रामों की सूची अद्यतन अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र के साथ अंचल एवं समाहरणालय को उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है, ऐसे राजस्व ग्रामों के अंतिम अधिकार अभिलेख को संबंधित कार्यालय में भेजे जाने के पूर्व संलग्न चेक लिस्ट के अनुसार जाँच किया जाना अत्यंत आवश्यक है तथा चेक लिस्ट की समीक्षा निदेशालय स्तर पर भी किये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः अनुरोध है कि अंतिम रूप से प्रकाशित अधिकार अभिलेख (खतियान) को संलग्न चेक लिस्ट के अनुसार जाँच कर तत्संबंधी प्रतिवेदन निदेशालय को शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 11/10/24
सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना

**ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(4) विशेष सर्वे–02/2022(पार्ट–II)** 14016 **बिहार, पटना** 15/10/2024

प्रतिलिपि : सभी प्रमंडलीय आयुक्त/समाहर्त्ता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

B:\Dharmveer\Y- 2024\Mayur Ji\ACS\01-2022 30-09-2024.docx

**ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(4) विशेष सर्वे–02/2022(पार्ट–II)**...14016...**बिहार, पटना**...15/10/2024

प्रतिलिपि : प्रभारी, बन्दोबस्त /सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(4) विशेष सर्वे–02/2022(पार्ट–II)**...14016...**बिहार, पटना**...15/10/2024

प्रतिलिपि : प्रमंडल हेतु प्राधिकृत सभी नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(4) विशेष सर्वे–02/2022(पार्ट–II)**...14016...**बिहार, पटना**...15/10/2024

प्रतिलिपि : उप निदेशक–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(4) विशेष सर्वे–02/2022(पार्ट–II)**...14016...**बिहार, पटना**...15/10/2024

प्रतिलिपि : प्रभारी, आई0टी0 सेल/श्रीमती सरीता कुमारी, प्रोग्रामर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(4) विशेष सर्वे–02/2022(पार्ट–II)**...14016...**बिहार, पटना**...15/10/2024

प्रतिलिपि : निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(4) विशेष सर्वे–02/2022(पार्ट–II)**...14016...**बिहार, पटना**...15/10/2024

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(4) विशेष सर्वे–02/2022(पार्ट–II)**...14016...**बिहार, पटना**...15/10/2024

प्रतिलिपि : माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
14/10/24

## अंतिम प्रकाशित अधिकार अभिलेख को अंचल/समाहरणालय को भेजे जाने के पूर्व का जॉच प्रतिवेदन (चेकलिस्ट)

राजस्व ग्रामः– थाना संख्याः– अंचलः– जिलाः–

| कैडेस्ट्रल/रिविजनल सर्वे के अनुसार | | | | | | विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के अनुसार | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | धारण के प्रकार | कुल खाता | कुल खेसरा | खतियान के अनुसार रकवा (एकड में) | कुल यू0टी0 रकवा मैप के अनुसार (एकड़ में) | कुल खेसरा | वर्त्तमान अधिकार अभिलेख के अनुसार रकबा (एकड में) | एजेंसी के अनुसार रकबा (एकड में) | अंतर रकबा (डी0 में) | अभ्युक्ति |
| 1 | गैरमजरूआ आम | | | | | | | | | |
| 2 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | | |
| 3 | बकास्त से अ0बि0स0 | | | | | | | | | |
| 4 | रैयती से रैयती | | | | | | | | | |
| 5 | रैयती से अ0बि0स0 | | | | | | | | | |
| 6 | अन्य खाता | | | | | | | | | |
| | कुल | | | | | | | | | |

1. क्या संधारित याद्दाश्त पंजी को स्कैन कर भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में अपलोड किया गया ? – हाँ/नहीं
2. क्या खानापुरी पर्चा एवं एल0पी0एम0 निर्गत प्रति ऑन लाईन में समरूपता के साथ दिख रहा है ?– हाँ/नहीं
3. क्या खेसरा पंजी के कॉलम–12 से कॉलम–17 में फसल के अन्तर्गत रकबा की प्रविष्टि की गई है ?– हाँ/नहीं
4. क्या सरकारी भूमि के खाते में अवैध दखलकार का नाम दर्ज है ?– हाँ/नहीं
5. क्या खेसरा पंजी (प्रपत्र–5) में के कॉलम–10 में खेसरा की भौतिक विवरणी/उपलब्ध अलामत की प्रविष्टि की गई है ?– हाँ/नही
6. क्या प्रपत्र–8, प्रपत्र–14 एवं प्रपत्र–21 में प्राप्त दावा/आपत्तियों एवं निष्पादित किये गये अभिलेख भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में अपलोड किया गया है ?– हाँ/नहीं
7. क्या भूमि का वर्गीकरण के अनुसार लगान संधारण किया गया है ?– हाँ/नहीं
8. क्या अंतिम रूप से प्रकाशित अधिकार– अभिलेख का मानचित्र भू–नक्शा सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया गया है ?– हाँ/नहीं
9. क्या अंतिम रूप से प्रकाशित अधिकार–अभिलेख भू–सर्वेक्षण सॉफ्टेवयर पर प्रदर्शित हो रहा है ?– हाँ/नहीं
10. क्या अंतिम रूप से प्रकाशित अधिकार–अभिलेख के सॉफ्ट कापी पर बन्दोबस्त पदाधिकारी का Digital Signature है ?– हाँ/नहीं
11. क्या अंतिम रूप से प्रकाशित अधिकार–अभिलेख के हार्ड कापी पर बन्दोबस्त पदाधिकारी का हस्ताक्षर है ?– हाँ/नहीं
12. क्या अंतिम रूप से प्रकाशित अधिकार–अभिलेख के मानचित्र पर बन्दोबस्त पदाधिकारी का हस्ताक्षर है ?– हाँ/नही

स0ब0प0 (मु0) का हस्ताक्षर

बन्दोबस्त पदाधिकारी का हस्ताक्षर